आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में दो वर्ष के लिये बढ़ायी गयी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर पंजीकरण एवं रोड टैक्स में सौ प्रतिशत की छूट। वाहन स्वामियों को तेरह अक्टूबर दो हजार सत्ताइस तक मिलेगा छूट का लाभ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार लाख तिरासी हज़ार छात्रों के खाते में हस्तांतरित की एक सौ छब्बीस करोड़ अड़सठ लाख रुपए की छात्रवृत्ति। कहा– बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को करेंगे रवाना।
- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस का त्योहार। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।

**********

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर पंजीकरण एवं रोड टैक्स में सौ प्रतिशत की छूट की अवधि अगले दो वर्षों के लिये बढ़ा दी गयी है। अब वाहन स्वामियों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर तेरह अक्टूबर दो हजार सत्ताइस तक इस छूट का लाभ मिलेगा। वहीं, स्ट्रांग हाइब्रिड कारों की खरीद पर पंजीकरण तथा रोड टैक्स में मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया गया है। एक रिपोर्ट–

***उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति दो हजार बाइस में फ्लीट के लिये पांच इलेक्ट्रिक बसों व गुड्स कैरियर की खरीद पर छूट को बढ़ाते हुए इसकी संख्या पचीस कर दी गयी है। पहले ट्रांसपोर्टरों को अधिकतम पांच इलेक्ट्रिक बसों या गुड्स कैरियर की खरीद पर छूट दी जाती थी। इस सम्बन्ध में औद्योगिक विकास विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिये वर्ष दो हजार बाइस में नीति जारी की थी। इसके तहत दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के अलावा इलेक्ट्रिक बसों व गुड्स कैरियर पर तीन वर्षों के लिये छूट दी गयी थी। तेरह अक्टूबर को हर प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों पर छूट की अवधि समाप्त होने के बाद प्रदेश सरकार ने केवल राज्य में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर छूट देने का निर्णय लिया था। चूंकि अभी प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण नहीं किया जा रहा है, इसलिये फिलहाल दो वर्षों के लिये छूट बढ़ा दी गयी है। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दूसरे चरण में डीबीटी के माध्यम से करीब चार लाख 83 हज़ार छात्रों के खाते में 126 करोड़ 68 लाख रुपए की छात्रवृत्ति ट्रांसफर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016–17 तक प्रदेश में 46 लाख विद्यार्थी स्कॉलरशिप का लाभ पा रहे थे, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 62 लाख तक पहुंच गई है।

***प्रभावी ढंग से यह कार्यक्रम प्रदेश के अंदर बड़े पैमाने पर आगे बढ़ रहे हैं और उसी का परिणाम है कि दो हजार सोलह–सत्रह तक जब प्रदेश के अंदर केवल छियालीस लाख बच्चे इस स्कॉलरशिप का लाभ प्राप्त कर पाते थे। आज यह संख्या बढ़कर बासठ लाख तक पहुंच रही है। बासठ लाख छात्र–छात्राएं एक साथ प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार की स्कॉलरशिप की योजना से लाभान्वित होकर के अपने उज्जवल भविष्य के साथ कार्य कर रही हैं।***

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ब्रह्मोस एयरोस्पेस में ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को रवाना करेंगे। रक्षा मंत्री कल लखनऊ में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि प्रधानमंत्री की स्वदेशी को बढ़ावा देने की मुहिम में कारोबारी और व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

***भारत में गरीबी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना चाहते हैं। जब तक हम स्वदेशी का लाभ नहीं अपनाएंगे तब तक इस लक्ष्य को किसी भी सूरत में हासिल नहीं किया जा सकता है और मैं यह मानता हूं किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में कारोबारियों का और व्यापारियों का वैसा ही महत्व है जैसे इंसान की शरीर होती है उसमें नसों और धमनियों का जो महत्व होता है वही हमारे व्यापार का महत्व है।***

**********

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल कहा कि भारतीय डाक चौबीस घंटे और अड़तालीस घंटे की डिलीवरी की समय–सीमा के साथ डाक और पार्सल की गारंटी आधारित सेवाएं शुरू करेगा। ये सेवायें अगले साल जनवरी में शुरू की जायेंगी। केन्द्रीय संचार मंत्री ने कहा कि चौबीस घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा से चौबीस घंटे के भीतर भारतीय डाक की डिलीवरी सुनिश्चित होगी। इसी तरह अड़तालीस घंटे के भीतर डिलीवरी के लिये अड़तालीस घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा भी होगी। पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिये भी इसी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल अगले दिन डिलीवर हो जाए। वर्तमान में इस सेवा में तीन से पांच दिन का समय लगता है।

**********

मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत कल लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में कहा कि देश के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसा सशक्त नेतृत्व भारत को प्राप्त हुआ। श्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी थे।

**********

लखनऊ का सिटी स्टेशन महिलाओं द्वारा पूर्ण रूप से संचालित होने वाला पूर्वोत्तर रेलवे का पहला स्टेशन बन गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि सिटी स्टेशन का सम्पूर्ण संचालन 34 महिलाएं मिलकर कर रही हैं।

***हम लोगों ने इस स्टेशन को पूरा का पूरा पूर्वोत्तर रेलवे का एकमात्र महिला संचालित स्टेशन के रूप में चालू कर रहे हैं। तीनों शिफ्ट में हमारी चौंतीस महिलाएं हैं चार विभाग में ऑपरेटिंग कमर्शियल आरपीएफ और सिग्नलिंग चारों विभाग की महिलाएं हैं और जो भी चाहे टिकट बेचना है सिग्नल देना है लाइन क्लियर देना है किसी भी तरह का मेंटेनेंस करना है सब महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा।***

**********

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कल मेरठ में मेरठ और सहारनपुर मण्डल के पावरलूम बुनकर प्रतिनिधियों के साथ अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना के तहत अनुमन्य वित्तीय सुविधाओ के संबंध में बैठक की। श्री सचान ने कहा कि सरकार बुनकरों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए उचित कदम उठा रही है।

***आठ सौ सत्तर करोड़ रुपए सरकार सब्सिडी के तौर पर हथकरघा विभाग विद्युत विभाग को दे रहा है। इसके बाद भी निरंतर हमारे बुनकर भाई पूरे प्रदेश के उस योजना में कुछ संशोधन की बात उठा रहे थे। इसी के चलते माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभाग को निर्देश दिया था कि बुनकरों के बीच में जाकर के बैठ कर के बात करिए उनसे राय लीजिए सुझाव लीजिए।***

**********

जीएसटी दरों में कमी का सकारात्मक असर व्यापार पर देखा जा रहा है। बलरामपुर में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रमेश पाहवा ने कहा कि धनतेरस और दीपावली पर बाज़ारों में भीड़ बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में छूट मिलने से लोगों की खरीदने की क्षमता बढ़ी है ऐसे में त्योहारों के दौरान दोगुनी बिक्री होने की संभावना है।

***जीएसटी घटने पर व्यापारियों को भी बहुत अच्छी बिक्री का अनुभव हो रहा है। कस्टमर की काफी अच्छी संख्या में इनक्वायरी जो भीड़ है। धनतेरस पर्वों पर अच्छी परचेजिंग करने की संभावना है। क्योंकि जो जीएसटी का स्लैब घटा है इससे पूरे जनमानस में परचेजिंग पावर बहुत अच्छी बढ़ गई है।***

**********

प्रदेश भर में आज धनतेरस का त्योहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। बड़ी संख्या में लोग कपड़े बर्तन और इलेक्ट्रानिक्स सामान खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं दोपहिया वाहनों और कारों के बाजार में भी तेजी आई है। घर की सजावट के लिए दीयों और बिजली की झालरों का बाज़ार भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

**********

अयोध्या में कल होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार दीपोत्सव पर 26 लाख 11 हज़ार 101 दीप प्रज्ज्वलन के साथ नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किए जाने की तैयारी है।

**********